This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

शुक्रवार, 18 अक्तूबर, 2024 / 26 आश्विन, 1946

हिमाचल प्रदेश सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

अधिसूचना

तारीख 15 अक्तूबर, 2024

संख्या : एच0एफ0डब्ल्यू–बी(ए)1–3 / 2021–लूज.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग अधिनियम, 2021 (2021 का अधिनियम संख्यांक 14) की धारा 68 की

उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थातः––

अध्याय–1

प्रारम्भिक

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**––(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति परिषद् नियम, 2024 है।

(2) ये नियम राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे

2. **परिभाषाएं.**––(1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) "अधिनियम" से, राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख –रेख वृत्ति आयोग अधिनियम, 2021 (2021 का केन्द्रीय अधिनियम 14) अभिप्रेत है;
(ख) "सलाहकार बोर्ड" से, अधिनियम की धारा 31 के अधीन गठित बोर्ड अभिप्रेत है;
(ग) "अध्यक्ष" से, राज्य परिषद् का अध्यक्ष अभिप्रेत है;
(घ) "प्ररुप" से, इन नियमों से संलग्न प्ररुप अभिप्रेत है;
(ङ) "सरकार" से, हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है;
(च) "सदस्य" से, अधिनियम की धारा 22 की उप–धारा (3) के खण्ड (ङ) या (च) के अधीन सरकार द्वारा नामनिर्देशित राज्य परिषद् का सदस्य अभिप्रेत है, जिसके अन्तर्गत अध्यक्ष भी सदस्य है;
(छ) "अनुसूची" से, इन नियमों से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;
(ज) "सचिव" से, राज्य परिषद् का सचिव अभिप्रेत है;
(झ) "धारा" से, अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(2) शब्दों और पदों के, जो इन नियमों में प्रयुक्त है और इनमें परिभाषित नहीं हैं, किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं, के वही अर्थ होंगे जो क्रमशः अधिनियम में है।

————————

अध्याय–2

राज्य परिषद् के सदस्यों की अर्हता और अनुभव

3. **राज्य परिषद् के सदस्यों की अर्हता और अनुभव.**––(1) ऐसे कोई दो व्यक्ति जिनके पास उत्कृष्ट योग्यता, सिद्ध प्रशासनिक क्षमता और सत्यनिष्ठा हो तथा जिन्होंने सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख विज्ञान के क्षेत्र मे दस वर्ष से अन्यून, जिसमें से कम से कम सात वर्ष के लिए सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति में नेतृत्व, अनुभव के साथ किसी विश्वविद्यालय से सहबद्ध और स्वास्थ्य देख –रेख विज्ञान की मान्यता प्राप्त श्रेणी के किसी वृत्ति में स्नातकोतर डिग्री प्राप्त की हो, को राज्य परिषद के सदस्य के रूप में सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(2) ऐसे कोई दो व्यक्ति जिनके पास पूर्व संस्थान जो कम से कम दस वर्ष के लिए प्रचालन मे हो और जो अधिनियम की अनुसूची में विनिर्दिष्ट मान्यता प्राप्त किन्हीं श्रेणियों से सम्बन्धित शिक्षा और सेवा तथा प्रत्यक्षतः स्वास्थ्य देख– रेख सेवा और शिक्षा प्रदान करने में लगे हो, दस वर्ष का अनुभव रखते हों, को अधिनियम की धारा 22 की उप धारा (3) के खंड (च) के अधीन राज्य परिषद् के सदस्य के रूप में सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा। इस प्रकार नाम निर्दिष्ट व्यक्ति किसी मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय से सहबद्द और स्वास्थ्य देख–रेख विज्ञान की मान्यताप्राप्त श्रेणी की किसी वृत्ति में स्नातकोत्तर डिग्री (उपाधि) रखता होः

परन्तु किसी भी पूर्त संस्थान का प्रतिनिधित्व एक बार में राज्य परिषद् में एक से अधिक नामनिर्दिष्ट व्यक्ति द्वारा नहीं किया जाएगा।

(3) सदस्य की नियुक्ति अध्यक्ष, सचिव और पदेन सदस्यों की एक समिति द्वारा वृत्ति के द्विवार्षिक चक्रानुक्रम पर की जाएगी। समिति पारदर्शी और योग्यता आधारित रीति से सदस्यों के चयन के लिए अपनी कार्यप्रणाली अवधारित करेगी।

4. अध्यक्ष और सदस्य को संदेय वेतन और भत्ते तथा सेवा की अन्य शर्तें.––(1) परिषद् के अध्यक्ष को संदेय वेतन हिमाचल प्रदेश सरकार के अतिरिक्त सचिव के वेतन के बराबर होगा।

परन्तु जहां राज्य परिषद् का अध्यक्ष, सरकार, अर्ध–सरकारी, अभिकरणों, पब्लिक सेक्टर उपक्रमों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों से सेवानिवृत्त व्यक्ति है, वहां उसके द्वारा प्राप्त पेंशन या सेवांत लाभों के पेंशनीय मूल्य या दोनों के साथ देय वेतन, अंतिम प्राप्त वेतन से अधिक नहीं होगा।

(2) यदि अध्यक्ष केन्द्र सरकार या राज्य सरकार की सेवा में है तो ऐसी संभावित परिस्थिति में अध्यक्ष ऐसे नियत मानदेय और भत्ते का ही हकदार होगा जैसे राज्य परिषद् समय–समय पर अपने आदेश द्वारा अवधारित करे।

5. छुट्टी.––(1) राज्य परिषद् के अध्यक्ष की छुट्टी और अन्य हकदारियां, राज्य सरकार के कर्मचारियों को लागू प्रचलित हिमाचल प्रदेश सरकार के नियमों या मार्गदर्शनों के अनुसार होगी।

(2) सरकार अध्यक्ष की छुट्टी मंजूर करने के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा

6. राज्य परिषद् के सदस्यों का यात्रा तथा अन्य भत्ते.––(1) राज्य परिषद् के सदस्यों को राज्य सरकार के अधिकारियों के समतुल्य प्रवर्गों हेतु समय–समय पर यथा लागू नियमों के सम्बन्ध में यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते संदत्त किए जाएंगे।

(2) परिषद् का प्रत्येक सदस्य, यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते से सम्बन्धित अपने बिल की बाबत, अपना स्वयं का नियंत्रक अधिकारी होगा।

————————

अध्याय–3

राज्य परिषद् के सचिव, अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन, भत्ते और अन्य सेवा शर्तें

7. राज्य परिषद् के सचिव, अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन, भत्ते और अन्य सेवा शर्तें.––(1) राज्य परिषद् के सचिव का वेतन और भत्ते हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के संयुक्त सचिव के समतुल्य होगा।

(2) परिषद् का सचिव निम्नलिखित रखेगाः–(i) निजी विश्वविद्यालय से चिकित्सक सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख शिक्षा या स्वास्थ्य पालिसी या स्वास्थ्य प्रशासन या पब्लिक स्वास्थ्य से सम्बन्धित अधिमानतः किसी शाखा में स्नातकोत्तर उपाधि।

(ii) उत्कृष्ट योग्यता और सिद्ध प्रशासनिक क्षमता और सत्यनिष्ठा

(iii) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या किसी कानूनी निकाय में दस वर्ष से अन्यून प्रशासनिक अनुभव को अधिमान दिया जाएगा।

8. राज्य परिषद् के सचिव का कार्यकाल.––(1) राज्य परिषद् का सचिव चार वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेगा तथापि, यदि सचिव अपने कार्यकाल के पूर्ण होने से पूर्व सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेता है तो वह अपना पद धारण करने से प्रविरत हो जाएगा।

(2) यदि राज्य परिषद् का सचिव राज्य सरकार में कार्यरत है तो उसका वेतन और भत्ते उसे लागू नियमों या नियम 13 के अनुसार, जो भी उच्चतर हो, विनियमित किए जाएंगे और परिषद् में उसके कार्यकाल को सरकार के प्रचलित नियमों के अनुसार; प्रतिनियुक्ति पर अंतरण के रूप में समझा जाएगा।

9 सचिव की शक्तियां और कर्तव्य.––(1) सचिव राज्य परिषद् का मुख्य कार्यकारी होगा, वह विभागाध्यक्ष भी होगा। न्यायालय के समक्ष मुकद्दमों सहित समस्त विधिक कार्यवाहियों में राज्य परिषद् का प्रतिनिधित्व सचिव द्वारा किया जाएगा। सचिव राज्य परिषद् की सम्पत्ति की सुरक्षा और अभिरक्षा, परिषद् के नियंत्रण और प्रबंधन, खातों के रख–रखाव तथा पत्राचार सहित सभी ऐसे प्रशासनिक विषयों के लिए भी उतरदायी होगा।

(2) सचिव के पास.–

(i) अधिनियम के अधीन राज्य परिषद् की शक्तियों और कृत्यों को कार्यान्वित करने के लिए राज्य परिषद् द्वारा लिए गए समस्त विनिश्चयों को निष्पादित करने की शक्ति होगी;

(ii) ऐसी शक्तियों का प्रयोग और निर्वहन करना तथा ऐसे कर्त्तव्यों का पालन करना जो राज्य परिषद् के कार्यों के उचित प्रशासन और उनके दैनिक प्रबंधन के लिए अपेक्षित हो;

(iii) सुनिश्चित करना है कि परिषद् के कर्मचारीवृन्द समय पर उपस्थित हो और सामान्यतः ऐसे समस्त कर्तव्यों का निर्विहन करे, जिनकी उनसे अधिनियम के प्रयोजनों के लिए राज्य परिषद् द्वारा अपेक्षा की जाए;

(iv) किसी विद्यमान नियुक्ति की अवधि समाप्त होने के कम– से –कम नब्बे दिन पूर्व, अध्यक्ष का ध्यान आने वाली रिक्तियों की ओर आर्कशित करेगा और अध्यक्ष पश्चात्कथित इसकी रिपोर्ट राज्य परिषद् को देगा इसलिए कि नियुक्ति उस दिन से प्रभावी होने के लिए की जा सकती है जिस दिन से विद्यमान नियुक्ति समाप्त हो जाएगी;

(v) अध्यक्ष के परामर्श से राज्य परिषद् की बैठक बुलाना और समस्त सम्बद्ध को बैठकों को सूचना तामील करना;

(vi) यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाना कि राज्य परिषद की बैठक बुलाने के लिए अपेक्षित गणपूर्ति सुनिश्चित है;

(vii) निर्देश हेतु राज्य परिषद के कार्यसूची मदों को सम्मिलित करते हुए विनिर्दिष्ट अभिलेखों को उपलब्ध कराना;

(viii) सुनिश्चित करना कि कार्यसूची कागजात, बैठक से कम–से–कम दो स्पष्ट कार्य दिवस पूर्व सदस्यों को परिचालित किए जाएं, उन मामलों के सिवाय जब अति–आवश्यक ध्यान अपेक्षित है;

(ix) राज्य परिषद्, उसकी किसी उप–समिती, सलाहकार परिषद् और वृत्तिक परिषद् तथा ऐसी अन्य समितियां जिन्हें राज्य परिषद् या उसके किसी निकाय द्वारा नियुक्त की जाए, की बैठकों के कार्यवृत्त तैयार करना तथा बैठकों मे लिए गए राज्य परिषद् के विनिश्चयों को निष्पादित करना;

(x) यह सुनिश्चित करना कि राज्य परिषद् की प्रक्रिया का, अपने कारबार संव्यवहार में पालन करना;

(xi) अधिनियम, विनियमों और इन नियमों के अधीन मानदण्डों और मानको की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिनियम के अधीन विद्यमान या संस्थित किए जाने वाले प्रस्तावित किसी भी सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख संस्थानों का निरीक्षण करना या निरीक्षण करवाना।

(xii) राज्य परिषद् के सदस्यों, निरीक्षकों और अन्य कर्मचारिवृन्दों और राज्य परिषद् के अध्यक्ष को यात्रा, स्वास्थ्य तथा अन्य भत्तों के लिए प्रमाणन प्राधिकारी बनना;

(xiii)अनुदान जारी करने, विधान सभा में वार्षिक और लेखा परीक्षा रिपोर्ट रखने तथा सरकार के अनुमोदन की अपेक्षा वाले किसी भी अन्य मामलों के लिए सरकार के साथ राज्य परिषद् के परामर्श से ऐसे समस्त मामलों को उठाना।

(xiv)ऐसी वित्तीय शक्तियों का प्रयोग करें जो राज्य परिषद् की ओर से अध्यक्ष द्वारा उसे प्रत्यायोजित की गई हो:

परन्तु किसी मद पर एक समय पर दो लाख रुपए से अधिक का कोई भी व्यय यथास्थिति, राज्य परिषद् या अध्यक्ष की मंजूरी के बिना उपागत नहीं किया जाएगा।

(xv) राज्य परिषद् के अन्य अधिकारियों और कर्मचारिवृन्दों की बाबत नियुक्ति और अनुशासनात्मक प्राधिकारी बनना।

10. राज्य परिषद् के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की सेवा की शर्तें और निबंधन.——(1) राज्य परिषद् ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति करेगी जो अधिनियम के अधीन इसके कृत्यों का दक्षतापूर्ण पालन के लिए आवश्यक हों।

(2) राज्य परिषद् के अधिकारी और कर्मचारी ऐसे कर्तव्यों का पालन करेंगे जो राज्य परिषद् या सचिव द्वारा सचिव के समग्र पर्यवेक्षण के अधीन उन्हें सौंपे जाएं।

(3) राज्य परिषद् के कर्मचारियों के प्रवर्ग और संख्या, नियुक्ति की पद्धति, वेतनमान, अर्हता, प्रोन्नति / पद उन्नयन आदि का विनिश्चय राज्य परिषद् द्वारा समय–समय पर किया जाएगा।

(4) नियुक्त या नियोजित अधिकारियों और कर्मचारियों से सम्बन्धित भत्ते, चिकित्सा उपचार, ग्रेच्युटी, भविष्य निधि और निवास स्थान जैसी सेवा की अन्य शर्तें, समान वर्ग / ग्रेड के सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को लागू नियमों द्वारा विनियमित होगी।

(5) नियुक्त या नियोजित समस्त अधिकारी और कर्मचारी सचिव के सीधे नियंत्रण या पर्यवेक्षण में रहेंगे। राज्य परिषद् के अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की शक्ति अध्यक्ष के परामर्श से सचिव मे निहित होगी और यह सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों पर समय–समय पर लागू किए गए नियमों द्वारा विनियमित (शासित) होगी।

11. राज्य परिषद् के सचिव और अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों की छुट्टी और अन्य हकदारियां.——(1) राज्य परिषद् के सचिव और अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों की छुट्टी और अन्य हकदारियां (पात्रताएं), हिमाचल प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को लागू नियमों या मार्गदर्शनों के अनुसार होगी।

(2) अध्यक्ष, सचिव को छुट्टी प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा और सचिव, राज्य परिषद् के अन्य कर्मचारियों को छुट्टी प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा।

12. सचिव द्वारा आस्तियों की घोषणा, व्यवसायिक और वाणिज्यिक नियोजन या सहभागिता.——(1) राज्य परिषद् का सचिव सरकार के समतुल्य स्तर के कर्मचारियों के लिए सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट रीति से आस्तियों और देनदारियों की विवरणी फाइल करेगा।

(2) राज्य परिषद् का सचिव अपनी पहली नियुक्ति पर और पद छोड़ते समय अनुसूची के प्ररुप– "क" में अपने वृत्तिक और वाणिज्यिक वचनबंध या सहभागिता की भी घोषणा करेगा।

13. अधिकारियों और कर्मचारियों का कार्यकाल (सचिव के अलावा).——(1) राज्य परिषद् के अधिकारी और कर्मचारी जिस माह में अठावन वर्ष की आयु पूर्ण करते है, उस माह के अन्तिम दिन के अपराहन मे अधिवर्षिता आयु पूरी करने पर सेवा से निवृत्त हो जाएंगे। राज्य सरकार की मंजूरी के अलावा किसी भी परिस्थिति मे सेवा विस्तार नही दिया जाएगा।

14. अवशिष्ट उपबन्ध.——अध्यक्ष और अन्य सदस्यों की सेवा की शर्तों की बाबत, जिनके लिए इन नियमों में कोई स्पष्ट उपबन्ध नहीं किया गया है, वे ऐसी होगी जैसी सरकार द्वारा अवधारित की जाएं।

————————

अध्याय 4

कारवार का संव्यवहार

15. राज्य परिषद् की बैठकों का समय तथा स्थान.——(1) राज्य परिषद् की बैठकों का समय तथा स्थान अध्यक्ष द्वारा विनिश्चय किया जाएगा।

(2) अध्यक्ष परिषद् के ध्यान में लाए जाने की अपेक्षा करने वाली किसी भी तात्कालिक मामले पर कार्रवाई करने हेतु तीन दिन का नोटिस देने के बाद परिषद् की विशेष बैठक किसी भी समय बुला सकेगाः

परन्तु विशेष बैठक में, जिस विषय या विषयों पर चर्चा करने के लिए बैठक बुलाई गई है, केवल उन्हीं पर चर्चा की जाएगी।

16. बैठकों के नोटिस तथा कार्यसूची दस्तावेज.——(1) विशेष बैठक के अलावा प्रत्येक बैठक का नोटिस सचिव द्वारा परिषद् के प्रत्येक सदस्य को बैठक की तारीख से कम से कम पन्द्रह दिन पूर्व भेजा जाएगा।

(2) सचिव बैठक के समक्ष लाए जाने वाले कार्य को दर्शाने वाले प्रारंभिक कार्य– सूची, प्रस्तावित किए जाने वाले सभी प्रस्तावों के निबन्धन, जिसके लिए नोटिस उसे पूर्व में लिखित रूप में पहुंच गया है और प्रस्तावको के नाम, बैठक के नोटिस के साथ जारी करेगा।

(3) कोई सदस्य जो प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहता है जिसे प्रारंभिक कार्यसूची में शामिल नहीं किया गया है या इस प्रकार शामिल किए गए किसी प्रस्ताव में कोई संशोधन चाहता है, बैठक के लिए नियत तारीख से कम से कम पांच स्पष्ट दिन पहले सचिव को सूचना भेजेगा।

(4) सचिव बैठक के लिए नियत तारीख से कम से कम स्पष्ट दस दिन पूर्व या विशेष बैठक के मामले में बैठक के नोटिस के साथ बैठक के समक्ष लाए जाने वाले कार्य को दर्शाते हुए पूर्ण कार्य– सूची दस्तावेज जारी करेगा।

(5) कोई सदस्य कार्यसूची में शामिल किए गए किंतु प्रारंभिक कार्य– सूची दस्तावेज में शामिल न किए गए किसी प्रस्ताव पर संशोधन प्रस्ताव लाना चाहता है तो वह उसे बैठक के लिए नियत तारीख से कम–से–कम तीन स्पष्ट दिन पहले सचिव को तत्संबंधी सूचना होगी।

(6) सचिव उन समस्त संशोधनों की एक सूची तैयार करेगा जिसके लिए उप– नियम (5) के अधीन प्रत्येक सदस्य के प्रयोग हेतु उपलब्ध कराए जाने के लिए नोटिस दिया गया हैः

परन्तु अध्यक्ष, यदि राज्य परिषद् कारणों को लिखित में अभिलिखित करते हुए सहमत होती है तो इस तथ्य के बावजूद भी तत्संबंधी नोटिस इस समय के अनुपालन में विलम्ब से प्राप्त हुआ था। बैठक मे प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति दे सकेगा।

(7) कार्यसूची की प्रत्येक मद पर परिषद् द्वारा अपनी बैठक मे विचार किया जाएगा तथा उनकी ग्राह्यता भी ऐसी बैठक में ही तय की जाएगी।

17 प्रस्ताव की स्वीकार्यता.——(1) अध्यक्ष किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकृत करेगा,–

(क) यदि मामला जिससे यह संबंधित है राज्य परिषद् के कृत्य के कार्य– क्षेत्र में नहीं है;

(ख) यदि वह प्रस्ताव या संशोधन के रूप में उसी प्रश्न की प्रमाणिकता को उठाता है जो परिषद् की इजाजत से उस बैठक के तत्काल पहले की तारीख जिस तारीख को यह प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया या, छह मास के दौरान किसी समय प्रस्तुत किया गया था या वापिस ले लिया गया थाः

परन्तु ऐसा प्रस्ताव परिषद् की विशेष बैठक जो राज्य परिषद् के कम से कम दो– तिहाई सदस्यों की अध्यपेक्षा पर इस प्रयोजन के लिए आयोजित बैठक में स्वीकृत किया जा सकेगा :

परन्तु यह और कि अधिनियम के अधीन राज्य सरकार द्वारा अपने किन्ही भी कृत्यों के पालन हेतु परिषद को विनिर्दिष्ट किसी भी मामले पर चर्चा करने से इन नियमों में कुछ भी प्रतिषेध नहीं करेगा।

(ग) जब तक कि यह स्पष्ट रूप से तथा प्रमिततः व्यक्त नहीं कर दिया जाता और वास्तविक रूप से विवाद्यक मुद्दा नहीं उठाता है;

(घ) यदि यह तर्क–वितर्कों, अनुमानों, व्यंग्यात्मक अभिव्यक्तियां आरोपों या मानहानिकारक कथन रखता हैः

परन्तु यदि प्रस्ताव को संशोधन द्वारा स्वीकृति दी जा सकती है तो अध्यक्ष प्रस्ताव को अस्वीकृत करने के बदले इसे संशोधित रूप से स्वीकार कर सकेगा।

(2) जब अध्यक्ष किसी प्रस्ताव को अस्वीकृत करता है तो सचिव संबंधित सदस्य को तत्संबंधी अस्वीकृति के कारणों का उल्लेख करते हुए सूचित करेगा।

18. गणपूर्ति (कोरम) के अभाव में स्थगन.––बैठक की गणपूर्ति अध्यक्ष सहित राज्य परिषद् के सदस्यों की कुल संख्या के आधे से होगी। यदि बैठक के लिए नियत किए गए किसी भी समय या बैठक की प्रक्रिया के दौरान, गणपूर्ति नहीं है तो बैठक स्थगित कर दी जाएगी, यदि ऐसे स्थगन से तीस मिनट बीत जाने के पश्चात् भी गणपूर्ति नहीं है तो बैठक ऐसी भावी तारीख तथा समय तक स्थगित रहेगी जैसी राज्य परिषद् का अध्यक्ष नियत करे। विशेष बैठक के लिए गणपूर्ति अध्यक्ष सहित परिषद् के कुल सदस्यों का एक तिहाई से होगी।

19. कार्य संचालन.––(1) अध्यक्ष परिषद् की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता करेगा। अध्यक्ष की अनुपस्थिति मे बैठक में उपस्थित सदस्य अपने में से किसी सदस्य को बैठक की अध्यक्षता करने के लिए निर्वाचन करेंगे।

(2) किसी सदस्य द्वारा उठाया गया प्रत्येक मामला सम्यक् समर्थन से सदस्य द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर अवधारित किया जाएगा और अध्यक्ष द्वारा राज्य परिषद् को प्रस्तुत किया जाएगा।

(3) जब एक प्रस्ताव लाया गया है और उसका समर्थन किया गया है और उसे अध्यक्ष द्वारा राज्य परिषद् को प्रस्तुत किया गया है, तो इस प्रश्न के सकारात्मक या नकारात्मक रूप से निपटान हेतु चर्चा की जाएगी अथवा कोई भी सदस्य संबंधी नियमों के अध्यधीन प्रस्ताव मे कोई संशोधन प्रस्तुत कर सकेगाः

परन्तु अध्यक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले उस संशोधन की अनुज्ञा नहीं देगा जो यदि वास्तविक प्रस्ताव रहा हो, राज्य परिषद् के कृत्यों के कार्य–क्षेत्र से बाहर विचार करने के लिए अस्वीकार्य होगा।

(4) कोई प्रस्ताव या संशोधन उस सदस्य के नाम है जो बैठक में अनुपस्थित है तो अध्यक्ष की अनुमति से इसे किसी अन्य सदस्य द्वारा प्रस्तुत किया जा सकेगा।

20. प्रस्तावों के लिए संशोधन.––जब किसी प्रस्ताव के लिए संशोधन लाया जाता है और उसका समर्थन किया जाता है या जब दो या दो से अधिक संशोधन प्रस्तुत किए जाते हैं और उनका समर्थन किया

जाता है तो अध्यक्ष मूल प्रस्ताव और संशोधन या प्रस्तावित किए गए संशोधनों की शर्तें क्रमानुसार राज्य परिषद् को बताएगा या पढ़ेगा।

21. समरूप प्रस्ताव.––जब प्रस्तावों में उद्देश्य एक समान हों और जो दो या दो से अधिक सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किए गए हों, तो अध्यक्ष विनिश्चय लेंगे कि किसका प्रस्ताव लाया जाए और अन्य प्रस्ताव या प्रस्तावों को तत्पश्चात् वापस ले लिया जाएगा।

22. संशोधनो का कार्यक्षेत्र.––(1) संशोधन सुसंगत होगा और प्रस्ताव के उस कार्य–क्षेत्र में होगा जिसके लिए प्रस्तावित किया गया है।

(2) ऐसा कोई संशोधन जो मूल प्रस्ताव को नकारता है का प्रस्ताव न किया जाए

(3) अध्यक्ष राज्य परिषद् के समक्ष उस संशोधन को प्रस्तुत करने के लिए इंकार कर सकेगा जो उसकी राय में प्रस्ताव के सुसंगत न हो।

23. संशोधन का प्रारूप.––प्रस्ताव को निम्नलिखित द्वारा संशोधित किया जा सकेगाः–

(क) शब्दों का विलोपन, अंतः स्थापन या जोड़ना, या
(ख) किन्हीं भी मूल शब्दों के लिए शब्दों का प्रतिस्थापन करना

24. चर्चा करना.––(1) जब भी किसी प्रस्ताव या संशोधन पर चर्चा की जाती है तो उस संदर्भ में निम्नलिखित के अलावा कोई प्रस्ताव नहीं किया जाएगा,–

(क) नियम 26 में किए गए प्रस्ताव के अनुसार, यथास्थिति प्रस्ताव या संशोधन, में संशोधन के लिए;
(ख) किसी विनिर्दिष्ट तारीख और समय काल के लिए प्रस्ताव का संशोधन पर चर्चा के स्थगन के लिए प्रस्ताव;
(ग) समापन के लिए कोई प्रस्ताव नामित ऐसा कोई प्रस्ताव जिसमें अब प्रश्न पूछा जाना है;
(घ) ऐसा प्रस्ताव जिस पर राज्य परिषद् इस प्रस्ताव पर कार्रवाई शुरू करने के बजाय कार्यक्रम मे आगामी मद की ओर बढ़ जाता हैः

परन्तु इस प्रकार के किसी भी प्रस्ताव को किसी ऐसे सदस्य द्वारा आगे नहीं बढ़ाया जाए जो बैठक से पूर्व ही इस प्रश्न पर बोल चुका हैः

परन्तु यह और कि समापन या आगामी मद की ओर बढ़ाए जाने के लिए संदर्भित किसी प्रस्ताव को बिना किसी चर्चा के ही आगे बढ़ाया जाएगा।

(2) किसी प्रस्ताव या संशोधन पर चर्चा के स्थगन के लिए प्रस्ताव को स्वीकृत या अस्वीकृत करना अध्यक्ष के विवेक पर निर्भर होगा।

(3) समापन प्रस्ताव को स्वीकृत किए जाने पर, अध्यक्ष को प्रस्तावक को उत्तर दिए जाने के अधिकार को मंजूरी देने के पश्चात् प्रस्ताव या संशोधन पर मत करवाएगा।

25. प्रस्ताव को वापिस लेना.––किसी भी ऐसे प्रस्ताव या संशोधन को जिसे लाया गया है और जिसे समर्थन प्राप्त है, को राज्य परिषद् की मंजूरी जो कि किसी भी सदस्य के इस मंजूरी को प्रदान करने से मना किए जाने पर प्रदान की गई नहीं मानी जाएगी, को छोड़कर, वापिस नहीं लिया जाएगा।

26. सदस्यों द्वारा विचार– विमर्श.––जब किसी प्रस्ताव को लाया जाता है और उसका समर्थन किया जाता है तो उसे लाने वाले और उसके समर्थक सदस्य के अलावा समस्त सदस्य उसी क्रम मे इस प्रस्ताव पर बोल सकते हैं, जैसा अध्यक्ष निदेश देः

परन्तु प्रस्ताव या संशोधन के समर्थक को, अध्यक्ष की मंजूरी से, यथास्थिति, प्रस्ताव या संशोधन, का समर्थन करने और विचार–विमर्श के उपरान्त किसी भी चरण में इस विषय में बोलने तक स्वयं को सीमित रखना होगा।

27. प्रस्तावक का उत्तर देने का अधिकार.––किसी भी प्रस्तावक और, यदि अध्यक्ष द्वारा मंजूरी प्रदान कर दी जाती है, तो किसी भी संशोधन के प्रस्तावक को अंतिम उत्तर देने का अधिकार होगा और कोई भी अन्य सदस्य जब तक किसी भी चर्चा मे एक से अधिक बार नही बोलेगें जब तक उन्हे इस प्रयोजन के लिए व्यक्तिगत तौर पर उल्लेख करने या अध्यक्ष के संबोधन उपरांत सदस्य से प्रश्न पूछने की मंजूरी प्रदान नहीं की जातीः

परन्तु कोई भी सदस्य चर्चा के किसी भी चरण में विधि या कानूनी प्रक्रिया के बिंदु का समावेशन करते हुए प्रश्न पूछ सकता है किन्तु उसे कोई भाषण देने की मंजूरी नहीं होगीः

परन्तु यह और कि इसके अलावा कोई भी सदस्य जो प्रस्ताव पर पहले बोल चुका है, उसे उसी प्रस्ताव पर तथा उसे आगे संशोधन करते हुए आगे बढ़ाने पर, पुनः बोल सकेगा।

28. प्रस्ताव पर मतदान.––जब विभिन्न बिंदुओं वाले किसी प्रस्ताव पर चर्चा की जाती है तो यह अध्यक्ष के विवेक पर होगा कि उस प्रस्ताव को विभाजित किया जाए और प्रत्येक या किसी एक बिंदु पर अलग से मतदान किया जाए, जो वह ठीक समझे।

29. प्रस्ताव में संशोधन के लिए मतदान.––(1) किसी भी प्रस्ताव में संशोधन किए जाने के लिए उस पर मतदान किया जाएगा।

(2) यदि किसी प्रस्ताव में एक से अधिक संशोधन किए जाने हैं तो अध्यक्ष विनिश्चिय करेगा कि यह किस क्रम में किया जाए।

(3) मतदान सामान्य तौर से हाथ उठाकर किया जाएगा, किन्तु यह मतदान के द्वारा भी किया जा सकेगा, ऐसी स्थिति में इसकी मांग करने वाले सदस्य तीन से कम नहीं होने चाहिए।

(4) मतों के परिणाम की घोषणा अध्यक्ष द्वारा की जाएगी

(5) समान मतों की स्थिति में, अध्यक्ष के पास दूसरा या निर्णायक मत होगा

30. बैठक का स्थगन.––(1) अध्यक्ष यदि किसी समय यह आवश्यक समझता है, तो उसके कारणों को बताते हुए किसी आगामी तारीख के लिए या उसी दिन किसी समय के लिए किसी बैठक को स्थगित कर सकता है।

(2) जब कभी आगामी तारीख के लिए बैठक स्थगित होती है और सचिव समस्त सदस्यों को स्थगित बैठक की सूचना भेजेगा।

(3) जब आगामी तारीख के लिए बैठक स्थगित की गई है और अध्यक्ष इसे अनिवार्य कारणों से किसी अन्य तारीख पर परिवर्तित करता है, तो सचिव प्रत्येक सदस्य को उक्त परिवर्तन की सूचना देगा।

(4) बैठक में आगामी तारीख के लिए स्थगित की गई बैठक मे पिछले दिन के किसी भी प्रस्ताव को, जब तक कि अध्यक्ष अन्यथा निर्देश नहीं देता, कार्यसूची पर अन्य मामलों पर वरीयता दी जाएगी।

(5) बैठक के प्रारम्भ (शुरूआत) में या बैठक के दौरान एक प्रस्ताव पर चर्चा के पश्चात्, अध्यक्ष कार्यसूची पर कार्य के क्रम में परिवर्तन का आदेश दे सकता है और यदि परिषद् इस तरह के परिवर्तन से सहमत है।

(6) कोई मामला, जो मूल बैठक के कार्यसूची में शामिल नहीं था, पर स्थगित बैठक में चर्चा नहीं की जाएगी।

(7) साधारण बैठक के लिए स्थगित बैठक जैसा ही कोरम आवश्यक होगा

31. आदेश के बिन्दु.––(1) अध्यक्ष आदेश के समस्त बिदुंओं या विवादों, जो कि किसी बैठक में उठ सकतें है; पर विनिश्च लेगा।

(2) यदि कोई प्रश्न किसी मामले के संबंध में प्रक्रिया के संदर्भ मे उठता है जिसके लिए इन नियमों में कोई उपबंध नहीं है तो अध्यक्ष ही उक्त पर निर्णय लेगा।

32. परिषद की बैठकों में प्राधिकृत व्यक्ति भाग लेंगे.––राज्य परिषद् की बैठकों में राज्य परिषद् के सदस्यों, सचिव, अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा कोई अन्य व्यक्ति अध्यक्ष की पूर्व अनुज्ञा या विशेष आमंत्रण के बिना उपस्थित नहीं होंगे।

————————

अध्याय 5

सलाहकार बोर्ड

33. सलाहकार बोर्ड का गठन.––(1) अधिनियम की धारा 31 के अधीन राज्य परिषद् द्वारा गठित प्रत्येक वृत्तिक सलाहकार बोर्ड में एक अध्यक्ष और दो सदस्य शामिल हो सकते है, जो मान्यता प्राप्त प्रवर्ग में संबंधित व्यवसायों का प्रतिनिधित्व करतें है।

(2) सलाहकार बोर्ड का अध्यक्ष स्नातकोत्तर उपाधि रखने वाला व्यक्ति होगा और सदस्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख विज्ञान की मान्यता प्राप्त प्रवर्गों से संबंधित वृत्तियों मे जिसने सहबद्ध और स्वास्थ्य देख –रेख विज्ञान के क्षेत्र में कम से कम दस वर्ष का अनुभव सहित और स्नातक डिग्री रखने वाले व्यक्ति होंगे, जो शिक्षाविदों और चिकित्सकों दोनों का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिनके पास उत्कृष्ट योग्यता, प्रशासनिक क्षमता और सत्यनिष्ठा हो।

(3) सलाहकार बोर्ड.–

(क) एक या अधिक मान्यता प्राप्त प्रवर्गों से संबंधित विवाद्यक का परीक्षण कर सकेगा और उसकी राज्य परिषद् को संस्तुति कर सकेगा।
(ख) राज्य परिषद् द्वारा उसे सौंपे गए अन्य कृत्यों का जिम्मा लेना

34. अध्यक्ष और सदस्य का कार्यकाल.––सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल राज्य परिषद् द्वारा अवधारित किया जाएगा, किन्तु अवधि पद ग्रहण करने की तारीख से दो वर्ष से अनधिक होगी।

35. फीस और भत्ते का संदाय.––सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों को परिषद्, सलाहकार बोर्ड की बैठक के संबंध में उपस्थिति के प्रत्येक दिन के लिए दो हजार रुपए की फीस और यात्रा भत्ते जो समय–समय पर राज्य सरकार के वर्ग–I अधिकारियों को लागू हों, संदत्त किए जाएंगेः

परन्तु राज्य परिषद्, सरकार के पूर्व अनुमोदन से, इस नियम के अधीन देय फीस को बढ़ा सकेगी।

अध्याय–6

सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्तिकों का रजिस्ट्रीकरण

36. राज्य रजिस्टर में रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन का प्ररूप और रजिस्ट्रीकरण फीस.––(1) राज्य परिषद् हिमाचल प्रदेश राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख– रेख वृत्तिक रजिस्टर अनुरक्षित करेगी जो एक सजीव रजिस्टर होगा और ऑनलाइन उपलब्ध होगा, जिसमें प्रत्येक मान्यता प्राप्त प्रवर्ग के लिए अलग– अलग भाग होंगे।

(2) एक सहबद्ध स्वास्थ्य देख–रेख वृत्तिक जिसके पास अधिनियम के अधीन नियमित शिक्षण रीति के माध्यम से प्राप्त मान्यता प्राप्त सहबद्ध स्वास्थ्य देख–रेख अर्हता है, और जो हिमाचल प्रदेश राज्य में रह रहा है, वह राज्य रजिस्टर में अपना नाम दर्ज करने के लिए सचिव को आवेदन कर सकेगा। ऐसा आवेदन अनुसूची में संलग्न प्ररूप– "ख" के अनुसार ऑनलाइन किया जाएगा, जिसके साथ चार हजार पांच सौ रुपए की अप्रतिदेय फीस संलग्न करनी होगी। रजिस्ट्रीकरण फीस राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख– रेख परिषद् हिमाचल प्रदेश निधि के पक्ष में देय होगी।

(3) तथापि किसी वृत्तिक ने किसी अन्य राज्य परिषद् या आयोग के पास अपना नाम रजिस्ट्रीकृत करवाया है और ऐसा व्यक्ति राज्य में निवास कर रहा है, तो उसे हिमाचल प्रदेश राज्य परिषद् के पास रजिस्ट्रीकरण करवाना होगा, यदि वह हिमाचल प्रदेश राज्य में अधिनियम के अधीन ऐसी वृत्ति का व्यवसाय करने का आशय रखता है। ऐसा व्यक्ति अनुसूची से संलग्न प्ररूप–"ख" में राज्य रजिस्टर में रजिस्ट्रीकरण के लिए राज्य परिषद् को आवेदन भी करेगा।

37. रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण– पत्र.––अधिनियम के अधीन राज्य रजिस्टर में सहबद्ध और स्वास्थ्य देख– रेख वृत्तिक के रुप में रजिस्ट्रीकरण पर, इन नियमों की अनुसूची में संलग्न प्ररूप– "ग" में एक प्रमाण पत्र सचिव द्वारा अपने हस्ताक्षर और मोहर के अधीन आवेदक को जारी किया जाएगा। रजिस्ट्रीकरण प्रमाण– पत्र की जालसाजी (कपट) से बचने के लिए, राज्य परिषद् सुरक्षा प्रणाली अपना सकेगी, जैसे प्रमाण– पत्र पर उच्च सुरक्षा होलोग्राम या बार कोड सम्मिलित करना।

38. प्रतिरुप प्रमाण–पत्र जारी करना.––(1) राज्य परिषद् के समाधान हो जाने पर कि रजिस्ट्रीकरण प्रमाण– पत्र गुम (नष्ट) हो गया है, वहां सचिव अपनी मोहर लगाकर तथा हस्ताक्षर सहित इन नियमो की अनुसूची में प्ररुप– "घ" में प्रमाण – पत्र की प्रतिरुप, आवेदक द्वारा दो हजार रुपए की अप्रतिदेय फीस का संदाय (भुगतान) किए जाने पर जारी करेगा।

(2) प्रतिरुप प्रमाण– पत्र के लिए देय फीस राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख– रेख परिषद् हिमाचल प्रदेश निधि के पक्ष में भेजा जाएगा और इसका साक्ष्य प्रतिरुप प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए आवेदन के साथ संलग्न किया जाएगा।

(3) प्रमाण–पत्र की प्रतिरुप के लिए आवेदन, आवेदक द्वारा प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट या नोटरी पब्लिक या राजपत्रित अधिकारी के समक्ष दिए गए शपथ –पत्र और राज्य परिषद् द्वारा विनिर्दिष्ट अन्य प्रमाण– पत्रों के साथ होना चाहिए।

39. रजिस्ट्रीकरण मे अतिरिक्त प्रविष्टि के लिए आवेदन.––

(I) कोई सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्तिक, जो राज्य रजिस्टर मे रजिस्ट्रीकरण के पश्चात्, अधिनियम के अधीन मान्यता प्राप्त श्रेणी की कोई अतिरिक्त अर्हता प्राप्त करता है, राज्य रजिस्टर में ऐसी अतिरिक्त अर्हता को रजिस्ट्रीकृत करने के लिए सचिव को आवेदन कर सकेगा।अतिरिक्त अर्हता रजिस्ट्रीकृत करने के लिए तीन हजार रूपए की अप्रतिदेय फीस या राज्य परिषद् द्वारा समय–समय पर विहित की गई उच्चतर रकम फीस के रूप में

ली जाएगी। फीस राज्य सहबद्ध और स्वास्थय देख–रेख परिषद् हिमाचल प्रदेश निधि के पक्ष में प्रेषित की जाएगी तथा आवेदन के साथ प्रेषण का प्रमाण भी संलग्न करना होगा। अतिरिक्त अर्हता की विधिवत् सत्यापित प्रतिलिपि, जिसके लिए अतिरिक्त प्रविष्टि मांगी गई है,अतिरिक्त प्रविष्टि रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन के साथ प्रेषित की जाएगी। आवेदन इन नियमों की अनुसूची में संलग्न प्ररूप " ङ" में होगा।

(II) आवेदन प्राप्त होने पर, सचिव, अधिनियम की धारा 29 की उप–धारा (1) के अधीन राज्य परिषद् द्वारा गठित सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति नैतिकता और रजिस्ट्रीकरण बोर्ड के समक्ष आवेदन को राज्य रजिस्टर मे अतिरिक्त अर्हता की प्रविष्टि करने की स्वीकार्यता के संबंध मे उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। आवेदन की जांच के पश्चात् यदि बोर्ड अतिरिक्त अर्हता की स्वीकार्यता का समर्थन करता है तो सचिव इसे राज्य रजिस्टर मे रजिस्ट्रीकृत करेगा।

40. रजिस्ट्रीकरण का नवीनीकरण.––(1) रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र का नवीकरण प्रत्येक पांच वर्ष मे एक बार तीन हजार पांच सौ रूपए की फीस देकर किया जाएगा, जो अप्रतिदेय होगी। फीस राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख परिषद् हिमाचल प्रदेश निधि के पक्ष में प्रेषित कि जाएगी तथा नवीकरण के लिए प्रस्तुत किए जाने पर रजिस्ट्रीकरण के मूल प्रमाण–पत्र के साथ प्रेषण का प्रमाण भी संलग्न करना होगा।

(2) जहां उप–नियम (1) के अधीन फीस का संदाय पांच वर्ष की अवधि की समाप्ति पर या उससे पूर्व नहीं किया जाता है, वहां सचिव व्यतिक्रमी का नाम राज्य रजिस्टर से हटा देगा।

41. राज्य रजिस्टर में नाम प्रत्यावर्तन करने हेतु फीस.––कोई व्यक्ति जिसका नाम अधिनियम की धारा 36 की उप–धारा (4) या धारा 37 के अधीन राज्य रजिस्टर में प्रत्यावर्तित करने का आदेश दिया गया है, राज्य रजिस्टर मे अपना नाम प्रत्यावर्तित करने हेतु फीस के रूप में दस हजार रूपए की रकम का संदाय करेगा। फीस का संदाय राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख परिषद् हिमाचल प्रदेश निधि के पक्ष में किया जाएगा।

42. राज्य परिषद् द्वारा एक तिथी तक वृत्तिको की सूची अनुरक्षित की जाएगी.––

(I) सचिव अधिनियम के अधीन प्रत्येक मान्यता प्राप्त श्रेणी के अर्न्गत "सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्तकों की सूची" नामक एक सूची तैयार करेगा और रखेगा, जो सजीव और ऑनलाइन होगी। सूची को अद्यतन करते समय, अधिनियम की धारा 35 की उप–धारा (2) या धारा 36 की उप–धारा (1) के अधीन राज्य रजिस्टर से हटाए गए व्यक्तियों के नाम, यदि कोई हो तथा जिनके बारे में ज्ञात है कि वो मृत है; को सूची से हटा दिया जाएगा।

(II) राज्य परिषद्, मृतक वृत्तिक के रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र का उपयोग करने में कदाचार करने से अनाड़ी (नीम हकीम) वृत्तिकों को परिवर्जित करने के उददेश्य से, सरकार के पूर्व अनुमोदन से, उप–नियम (1) में विनिर्दिष्ट सूची को सरकार के स्थानीय प्रशासन विभाग द्वारा बनाए गए मृत्यु रजिस्ट्रीकरण की ई– सरकार प्रणाली के साथ अद्यतन करने के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली स्थापित कर सकेगी।

––––––––––––

अध्याय–7

नवीन सहबद्ध और स्वास्थ्य देख– रेख संस्थान की स्थापना, अध्ययन के नवीन पाठयक्रम, मानदण्ड आदि

43. नवीन सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख संस्थान, अध्ययन के नवीन पाठ्यक्रम आदि की स्थापना के लिए प्ररुप, रीति, विवरण और फीस.––(1) अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसन्धान विश्वविद्यालय, नेरचौक मंडी

अधिनियम के अधीन सहबद्ध स्वास्थ्य देख– रेख वृत्तिकों से संबंधित सभी डिप्लोमा, पूर्व स्नातक, स्नातकोत्तर और सुपर– स्पेशिलिटी स्तर के पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश और परीक्षा प्राधिकरण होगा।

(2) इस योजना के अन्तर्गत सभी आवेदन राज्य परिषद् के सचिव को प्रस्तुत किये जाएंगे

(3) पात्रता मानदण्डः निम्नलिखित संगठन सहबद्ध और स्वास्थ्य देख– रेख वृत्तिक महाविद्यालय स्थापित करने की अनुमति हेतु आवेदन करने के पात्र होंगे, अर्थातः–

(क) केन्द्र सरकार, राज्य सरकार या केन्द्रशासित प्रदेश;
(ख) विश्वविद्यालय;
(ग) चिकित्सा शिक्षा के प्रयोजन हेतु केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा या कानून के अधीन संप्रवर्तित एक स्वायत्त निकाय;
(घ) सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का अधिनियम संख्यांक 21) या राज्यों में तत्स्थानी अधिनियमों के अधीन रजीस्ट्रीकृत समिति;
(ङ) कंपनी अधिनियम के अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत कंपनियों को भी सहबद्ध और स्वास्थ्य देख– रेख महाविद्यालय खोलने की अनुमति दी जा सकेगी। यदि महाविद्यालय व्यवसायिकरण का सहारा लेते हैं तो अनुज्ञा प्रत्याहृत की जाएगी।

(4) अर्हता मानदण्डः पात्र व्यक्ति संस्था स्थापित करने की अनुमति के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगे, यदि निम्नलिखित शर्तें पूर्ण होती हैंः–

(क) संस्थान किसी क्रियाशील आयुर्विज्ञान महाविद्यालय या विश्वविद्यालय के समीप हो तथा छात्रों को व्यवहारिक अनुभव और ईंटरनशिप प्रदान करने के लिए उससे सहबद्ध एक अस्पताल हो;
(ख) संस्था का विशविद्यालय से सहबद्ध होना अनिवार्य है;
(ग) संस्था इस अधिनियम के उपबन्धों द्वारा विहित मूलभूत (बुनियादी) मानकों को पूरा करती है, जिन्हे राज्य परिषद् द्वारा विनियमों के माध्यम से विर्निदिष्ट किया जाएगा;
(घ) संस्था को राज्य सरकार से एक अनिवार्यता प्रमाण– पत्र प्राप्त करना होगा, जिसमें परिषद् द्वारा विनियमों के माध्यम से विनिर्दिष्ट रीति से विशिष्ट पाठ्यक्रम (मों) की आवश्यकता को दर्शाया जाएगा।

(5) योजना का प्ररुप और प्रक्रियाः

I भाग 1.– इसमें व्यक्ति के बारे में निम्नलिखित विवरण सम्मिलित होंगे, अर्थातः–

(क) पात्रता मानदण्ड के संदर्भ में आवेदक की प्रास्थिति;

(ख) संस्थान / महाविद्यालय में चुने गए व्यवसायिक पाठ्यक्रम;

(ग) आवेदक की अवसंरचनात्मक प्रसुविधाएं प्रबंधकीय और वित्तीय क्षमताएं पूर्व तीन वर्षों की बैलेंस शीट (तुलन पत्र)।

II भाग II– इसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगेः–

(क) संस्थान महाविद्यालय का नाम और पता.

(ख) शैक्षिक कार्यक्रम (प्रोग्राम):–

(i) प्रस्तावित पाठ्यक्रम;

(ii) डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए छात्रों की प्रस्तावित वार्षिक संख्या 25 से अधिक नहीं होगी, स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 50 से अधिक नहीं होगी तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए 15 से अधिक नहीं होगी;

(iii) प्रवेश मानदण्ड और प्रवेश पद्धति;

(iv) विभागवार एवं वर्षवार अध्ययन पाठयक्रम

(ग) सीटों का आरक्षण

(घ) बाजार सर्वेक्षण और पर्यावरण विश्लेषण–

(i) सहबद्ध स्वास्थ्य देख– रेख वृत्ति के संबंध में राज्य शिक्षा नीति

(ii) चुने गए वृत्तिक पाठ्यक्रमों से संबंधित प्रशिक्षित कर्मचारियों की संख्या की आवश्यकताएं और उपलब्धता।

(iii) अंतर विश्लेषण और अंतर को कैसे कम किया जाएगा।

(iv) प्रस्तावित महाविद्यालय के लिए मरीजों के संदर्भ में आवाह क्षेत्र

(v) आवाह क्षेत्र (सार्वजनिक और निजी) में अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं की संख्या का मानचित्रण।

(ङ) स्थल की विशेषताएं और बाह्य संपर्कों की उपलब्धता– स्थलाकृति, भूखण्ड का आकार, स्वीकार्य फ्लोर स्पेस सूचकांक आदि।

(च) संकाय और कर्मचारी– विभागवार और वर्षवार आवश्यकता:

(i) शिक्षण कर्मचारी (पूर्णकालिक)

(ii) तकनीकी कर्मचारी

(iii) प्रशासनिक कर्मचारी

(iv) सहायक कर्मचारी

(v) वेतन संरचना

(vi) भर्ती प्रक्रिया

(छ) योजना और अभिन्यास (लेआउट) गणना मास्टर योजना, अभिन्यास (लेआउट) और ऊंचाई और मंजिलवार क्षेत्र।

(ज) चरणबद्ध और अनुसूची बनाना– क्रियाकलाप की माहवार अनुसूची:

i भवन डिजाइन का प्रारम्भ और समापन

ii स्थानीय निकाय अनुमोदन

iii सिविल निर्माण

iv ईजीनियरिंग सेवाएं और उपकरण

v कर्मचारियों की भर्ती

(झ) परियोजना लागत:

i कुल परियोजना लागत

ii परियोजना के वित्तपोषण के साधन

iii राजस्व अनुमान

iv व्यय अनुमान

(III) भाग–III

(क) विद्यमान अस्पताल का नाम और पता
(ख) अस्पताल का ब्यौरा

(6) आवेदन फीस ऐसी होगी जो राज्य परिषद् द्वारा अवधारित की जाए

————————

अध्याय –8

वित्तीय शक्तियां, रकम का विनियोजन आदि

44. राज्य परिषद् और सचिव की वितीय शक्तियां.––(1) राज्य परिषद् को राज्य परिषद् के वितीय लेन–देन से संबंधित सभी शक्तियां प्राप्त होगी। सचिव को सामान्यतः ऐसी वित्तीय शक्तियां प्राप्त होगी, जो राज्य परिषद् द्वारा समय–समय पर निर्धारित की जाए।

(2) राज्य परिषद् की सभी वित्तीय शक्तियां सामान्य वित्तीय नियमों, वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन तथा राज्य परिषद् / सरकार द्वारा इस संबंध मे समय–समय पर जारी नियमों और अनुदेशों द्वारा शासित होगी।

(3) सचिव, पदो ंके सृजन,वेतनमान के पुनरीक्षण, वाहनों की खरीद,एक शीर्ष से दूसरे शीर्ष में निधियों के पुनर्विनियोजन, राज्य परिषद् के किसी सदस्य या अधिकारी को विदेश में सेमिनारों, सम्मेलनों या प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने की अनुमति देने तथा सरकार द्वारा आदेश द्वारा विहित ऐसे अन्य मामलों में, राज्य परिषद् का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करेगा।

(4) सचिव को, राज्य परिषद् द्वारा यथा विनिश्चित किसी विशिष्ट प्रयोजन के लिए मानदेय, यात्रा भत्ता और महंगाई भत्ते से संबंधित पूर्व में सहमत शर्तों और निबंधनों पर विशिष्ट अवधि के लिए किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को परामर्शदाता या परामर्शदाताओं के रूप में नियुक्त करने की शक्तियां होंगी।

(5) सचिव को राज्य परिषद् के अध्यक्ष या किसी अन्य सदस्य द्वारा लिए गए सभी वैध निर्णयों को क्रियान्वित करने की शक्ति होगी, जिनमें वित्तीय प्रतिबद्धता वाले निर्णय भी सम्मिलित हैं।

45. राज्य परिषद् द्वारा प्राप्त निधि की रीति.––इस अधिनियम, इन नियमों और विनियमों के अधीन परिषद् को अपने कृत्यों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने में समर्थ बनाने के प्रयोजन के लिए, राज्य सरकार, इस निमित्त विधान सभा द्वारा विधि द्वारा किए गए सम्यक् विनियोजन के पश्चात्, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में राज्य परिषद् को ऐसी रकम और ऐसी रीति से, जैसा वह उचित समझे, दे सकेगी।

46. राज्य परिषद् के कार्यों में किए गए व्यय के लिए निधि के उपयोग की रीतिः––(1) परिषद् अपने लेखों का रखरखाव करेगी और भारत के नियंत्रक और महालेखा–परीक्षक द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी किए गए अनुदेशों और लेखा सिद्धांतों के अनुसार वार्षिक वित्तीय विवरण तैयार करेगी।

(2) राज्य परिषद् के अध्यक्ष, सदस्य, पदेन सदस्य, सचिव, सलाहकार बोर्ड, स्वायत्त बोर्ड के सदस्य और राज्य परिषद् से व्यय करने या अधिकृत करने वाले राज्य परिषद् के प्रत्येक अधिकारी को वित्तीय औचित्य के मानकों और सामान्य वित्तीय नियम, 2017 द्वारा निर्देशित होंगे।

(3)(क) प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च को समाप्त होने वाली बारह मास की अवधि के अंत मे, परिषद् राज्य सरकार द्वारा विहित वित्तीय विवरणों के संकलन हेतू टिप्पणियों और निर्देशों के अनुसार आवश्यक अनुसूचियों,

लेखों पर टिप्पणियों और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों के साथ निम्नलिखित वार्षिक वितीय विवरण तैयार करेगी।

(क) तुलन–पत्र;
(ख) आय और व्यय लेखा;
(ग) प्राप्ति और संदाय लेखा।

(ख) वार्षिक वित्तीय विवरण राज्य परिषद् द्वारा अनुमोदित और अपनाया जाएगा और प्रमाणीकरण के प्रयोजन के लिए परिषद् के अध्यक्ष और सचिव द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा।

(ग) परिषद् के अनुमोदित वार्षिक वित्तीय विवरण राज्य परिषद् द्वारा लेखा परीक्षक को या उसकी ओर से नियुक्त किसी अन्य व्यक्ति को लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ वर्ष की समाप्ति के पश्चात् तीन मास के भीतर अग्रेषित किए जाएंगे।

(घ) राज्य परिषद् के वार्षिक लेखे, नियंत्रक एवं लेखा परीक्षक या उसकी ओर से उसके द्वारा नियुक्त किसी अन्य व्यक्ति द्वारा यथा प्रमाणित, राज्य परिषद् द्वारा अपनाए जाने के पश्चात् उस पर लेखा परीक्षा रिपोर्ट सहित, मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए राज्य सरकार को भेजे जाएंगे।

47. वार्षिक रिपोर्ट.––(1) राज्य परिषद् प्रत्येक वर्ष एक बार इन नियमों से संलग्न अनुसूची के प्ररूप "च" में विनिर्दिष्ट विषयों के संबंध में वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगी।

(2) सरकार राज्य परिषद् की वार्षिक रिपोर्ट राज्य विधानसभा के समक्ष रखवाएगी

48. वार्षिक रिपोर्ट का मुद्रण.––राज्य परिषद् का कार्यालय वार्षिक रिपोर्ट का मुद्रण अत्यंत शीध्रता से करने के लिए उत्तरदायी होगा और किसी भी स्थिति में रिपोर्ट के अंतिम रूप देने के तीन मास के भीतर मुद्रण करवाना होगा।

————————

अनुसूची

प्ररुप–क
(नियम 12(2) देखें)

प्रथम नियुक्ति और पदत्याग के समय वृत्तिक और वाणिज्यिक वचनबंध या आवेष्टन का कथन

क्रम संख्या	संबंध	नाम	घोषणा की तारीख से पिछले तीन वर्षों में धारित वृत्तिक पद यदि कोई हो	घोषणा की तारीख से पिछले तीन वर्षों में धारित वाणिज्यिक वचनबन्ध / आवेष्टन, यदि कोई हो
1.	स्वयं			
2.	जीवनसाथी			
3.	आश्रित– 1			
4.	आश्रित– 2			
5*	आश्रित– 3			

* यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त पंक्तियां जोड़ें

तारीखः

आवेदक के हस्ताक्षर

प्ररुप– ख

(नियम 36 देखें)

राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख परिषद्, हिमाचल प्रदेश के रजिस्टर में रजिस्ट्रीकरण हेतु और रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र निर्गम के लिए आवेदन पत्र

(बड़े अक्षरों में भरें)

1. आवेदक का नामः

2. लिंगः पुरुष / महिला / अन्य :

3. आयु और जन्म की तारीख (प्रमाण संलग्न किया जाए) :

4 .माता और पिता का नाम (पूर्ण):

5. क्या आप भारत के नागरिक हैं

(क) जन्म से या

(ख) निवास द्वारा

यदि हां, भारतीय नागरिक बनने की तारीख बतायें

6. जन्म की तारीख और स्थान

7. वर्तमान उपजीविका और पता पिन कोड सहित

8. स्थायी पता पिन कोड सहितः

9. उप पुलिस स्टेशन का नाम जिसके अधिकारिता में स्थायी पता स्थित हैः

10. दूरभाष संख्याः

11. आधार संख्याः

12. ई– मेलः

13. रजिस्ट्रीकरण के लिए फीस के भुगतान का ब्यौराः

14. सहबद्ध और स्वास्थ्य देख– रेख संबंधी अर्हता से पूर्विक / से भिन्न शैक्षिक अर्हता का ब्यौराः

शैक्षिक अर्हता (एं)	विद्यालय / महाविद्यालय का नाम	बोर्ड / विश्वविद्यालय	उत्तीर्ण होने का वर्ष
मैट्रिक या समतुल्य			
वरिष्ठ माध्यमिक या समतुल्य			

15. सहबद्ध और स्वास्थ्य देख –रेख अर्हता का ब्यौरा जिसके लिए रजिस्ट्रीकरण का आवेदन किया है:

अर्हता / अर्हताओं का नाम	संस्थान / महाविद्यालय का नाम	सहबद्ध विश्वविद्यालय / महाविद्यालय	क्या अर्हता नियमित विद्या रीति के माध्यम से अभिप्राप्त की गई है?	पाठ्यक्रम की अवधि (प्रशिक्षुता के साथ)	प्रशिक्षुता के अस्पताल / संस्थान का नाम और पता	प्रवेश और उत्तीर्ण होने की तारीख

16. कोई अन्य टिप्पण्यिां / सूचना जो आवेदक देना चाहता है :

घोषणा.––ऊपर दर्शाई गई सभी सूचना / तथ्य मेरे सर्वोत्तम ज्ञान, सूचना और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है। यदि कोई भी सूचना असत्य पाई जाती है तो मुझे विधिक परिणामों के बारे में पूर्ण जानकारी है।

तारीख:

आवेदक के हस्ताक्षर

टिप्पणियां:––

1. आवेदन पत्र पूर्ण रुप से और स्पष्ट तरीके से भरा जाना चाहिए:

2. आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों को संलग्न करना चाहिए:

(क) डिग्री / डिप्लोमा की मूल प्रति या विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय के डीन से अनंतिम प्रमाण–पत्र, की आवेदक की डिग्री प्राप्त करने के योग्य है, रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र के साथ प्रमाणित प्रतिलिपियां भी अग्रसारित की जाएं। यदि राज्य परिषद् द्वारा किसी भी समय ऐसा अपेक्षित है तो आवेदक प्रमाणीकरण के लिए यथास्थिति, मूल डिग्री / डिप्लोमा का मूल अनंतिम प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेगा। कोई भी अनियमितता पाए जाने के दशा में इस बात के होते हुए भी कि आवेदक का नाम रजिस्ट्रीकरण किया गया था, अधिनियम की धारा 36 में यथाउपबाधन के अनुसार आवेदक का नाम हटा दिया जाएगा।

(ख) महाविद्यालय के संकायध्यक्ष द्वारा जारी प्रयोगात्मक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि (अनिवार्य क्रमवर्ती प्रशिक्षुता)।

(ग) मूल अनंतिम रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र

(घ) दो हाल ही के पासपोर्ट आकार फोटोग्राफ, सामने की ओर से

(ङ) आवेदन के साथ उपलब्ध कराई गई दो स्व–आसंजक पर्ची पर हस्ताक्षर

(च) निवास का प्रमाण

3. कुल रजिस्ट्रीकरण राशि रुपए 4500 / – है जो आवेदन के समय रजिस्ट्रीकरण फीस के रुप में संदत्त करनी है।

————————

प्ररुप– ग
(नियम 37 देखें)

राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख– रेख वृत्ति आयोग अधिनियम, 2021 (2021 का केन्द्रीय अधिनियम संख्यांक 14) की धारा 33(3) के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाण–पत्र

फोटो

राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख– रेख परिषद् हिमाचल प्रदेश प्रमाण–पत्र संख्या / एस ए एच सी एच पी

नाम	
(पुरुष) / (महिला) / अन्य	
माता / पिता का नाम	
पता	
रजिस्ट्रीकरण की तारीख और स्थान	
अर्हता पूर्ण नामकरण के साथ	
अधिनियम की अनुसूची के अनुसार व्यवसायिक नाम और आई एस सी ओ कोड	
अर्हता पूरी करने की तारीख	

एतद द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा और सहबद्ध वृत्ति के रजिस्टर में ऊपरलिखित नाम की एक सही प्रति है।

मोहर

राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख के सचिव।

टिप्पणः––

1. प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत वृत्ति अपने पते में किसी तरह के परिवर्तन को सचिव के नोटिस में ध्यानपूर्वक तुरंत लायें और इसके बारे में सचिव द्वारा उनको भेजी गई और सभी प्रकार की पूछताछ का उत्तर दें ताकि उनका सही पता रजिस्ट्रीकृत वृत्तिक के रजिस्टर में दर्ज किया जा सके।
2. पते में परिवर्तन के लिए कोई प्रभार नहीं
3. (एम) और (एफ) क्रमशः (पुरुष) और (महिला) को दर्शाता है

4. द्विप्रतिम प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए 2000 रुपए का फीस प्रभार्य है। संदाय का ढंग आयोग द्वारा यथा– विनिर्दिष्ट होगा।
5. प्रमाण–पत्र रजिस्ट्रीकरण की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा और संबंधित वृत्ति के नियमों के अनुसार इसका नवीकरण किया जाएगा।

———————

प्ररुप घ

(नियम 38 देखें)

राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख वृत्ति आयोग अधिनियम, 2021 की धारा 33(3) के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र

राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख परिषद् हिमाचल प्रदेश प्रमाण–पत्र संख्या / एसएएचपीएचसी प्रतिरुप प्रमाण–पत्र

नाम	
(पुरुष) / (महिला) / अन्य	
माता / पिता का नाम	
पता	
रजिस्ट्रीकरण की तारीख और स्थान	
अर्हता पूर्ण नामकरण के साथ	
अधिनियम की अनुसूची के अनुसार व्यवसायिक नाम और आई एस सी ओ कोड	
अर्हता पूरी करने की तारीख	

एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि यह केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा और सहबद्ध वृत्ति के रजिस्टर में ऊपर लिखित नाम की एक सही प्रति है।

मोहर

राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख–रेख के सचिव।

टिप्पणः––

1. प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत वृत्ति अपने पते में किसी तरह के परिवर्तन को सचिव के नोटिस में ध्यानपूर्वक तुरंत लायें और इसके बारे में सचिव द्वारा उनको भेजी गई और सभी प्रकार की पूछताछ का उत्तर दें ताकि उनका सही पता रजिस्ट्रीकृत वृत्तिक के रजिस्टर में दर्ज किया जा सके।

2. पते में परिवर्तन के लिए कोई प्रभार नहीं

3. (एम) और (एफ) क्रमशः (पुरुष) और (महिला) को दर्शाता है

4. द्विप्रतिम प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए 2000 रुपए का फीस प्रभार्य है। संदाय का ढंग आयोग द्वारा यथा– विनिर्दिष्ट होगा।

5. प्रमाण–पत्र रजिस्ट्रीकरण की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा और संबंधित वृत्ति के नियमों के अनुसार इसका नवीकरण किया जाएगा।

प्ररुप –ङ
(नियम 39 देखें)

आवेदन पत्र

राज्य सहबद्ध और स्वास्थ्य देख– रेख वृत्ति परिषद् हिमाचल प्रदेश के तहत अतिरिक्त अर्हताओं का रजिस्ट्रीकरण

1. वृत्तिक का नामः
